This question paper contains **8+4** printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**6184**

**B.Com. (Hons.)/I Sem. B**

Paper CH-1.3—MICRO-ECONOMICS–I

(Admission of 2011 and onwards)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

Marks are indicated against each question.

**सभी** प्रश्न हल कीजिए ।

प्रश्नों के अंक उनके सामने निर्दिष्ट हैं ।

1. (*a*) What is cross-elasticity of demand ? What happens to the demand for commodity $x$ when both the price of a substitute and complement of commodity $x$ rises ? 5

(*b*) If $p = 1000 - 3q$, explain that the slope of MR is the twice of the slope of AR. When and why the slope of MR and AR is identical for a firm ? 5

(*c*) How do we measure price elasticity of demand by using point method and arc method ? When should each method be used ? 5

*Or*

(*d*) Define cross-elasticity of demand. An individual spends all his income on two goods, X and Y. If a 50 percent increase in the price of the good X does not change the amount consumed of Y, what is the price elasticity of good X. 5

(*e*) What does the price elasticity of supply measure in general ? Show that elasticity of supply on a straight line supply curve passing through the price axis is greater than one. 5

(*f*) The slope of demand curve is one of the ingredients of the elasticity of demand (but not the only). Explain. Also compare and explain slope and elasticity on parallel straight line demand curve at a given quality demanded. 5

(क) माँग की परस्पर लोच से क्या तात्पर्य है ? वस्तु $x$ के लिए माँग पर क्या प्रभाव पड़ता है जब वस्तु $x$ की स्थानापन्न और पूरक, दोनों वस्तुओं की कीमत बढ़ जाती है ?

(ख) यदि $p = 1000 - 3q$ है, तब स्पष्ट कीजिए कि MR की ढलान AR की ढलान की दुगुनी होगी । किसी फर्म के लिए MR और AR की ढलान कब और क्यों समरूप होंगी ?

(ग) हम बिंदु प्रणाली और चाप प्रणाली के उपयोग द्वारा माँग की कीमत लोच किस प्रकार मापते हैं ? प्रत्येक प्रणाली कब उपयोग करनी चाहिये ?

**अथवा**

(घ) माँग की परस्पर लोच को परिभाषित कीजिए । एक व्यक्ति अंपनी सारी आय दो वस्तुओं X और Y पर खर्च करता है । यदि वस्तु X की कीमत में 50 प्रतिशत वृद्धि से Y की मात्रा की खपत में परिवर्तन नहीं आता है, तब वस्तु X की कीमत लोच क्या है ?

(ङ) पूर्ति की कीमत लोच साधारणत: क्या मापती है ? प्रमाणित कीजिए कि कीमत अक्ष से गुजरते हुए सरल रेखा पूर्ति वक्र पर पूर्ति की लोच एक से अधिक है ।

(च) माँग वक्र की ढलान माँग की लोच का एक संघटक है (किन्तु केवल नहीं) । स्पष्ट कीजिए । माँगी गई नियत मात्रा पर समांतर सरल रेखा माँग वक्र पर ढलान और लोच की तुलना और व्याख्या भी कीजिए ।

2. (*a*) Define marginal rate of substitution and explain that marginal rate of substitution diminishes as we move down the indifference curve in case of economic goods with the help of diagram. 5

(*b*) Why does a consumer attain equilibrium at a point where the slope of budget line is equal to the slope of indifference curve and indifference curve is convex to origin ? Explain with the help of diagram. 5

(*c*) Draw indifference curve in case of between :

(*i*) two economic goods and

(*ii*) one economic and one bad goods.

Explain. 5

*Or*

(*d*) "Giffen goods are inferior goods too." Do you agree ? Explain with the help of income effect and substitution effect using indifference curves ? 5

(*e*) What is an Engel curve ? Explain the relationship between Engel curve and demand curve. 5

(*f*) What will be the elasticity of demand when price consumption curve is horizontal to X axis ? Explain with the help of the diagram. 5

(क) सीमांत स्थानापत्ति दर को परिभाषित कीजिए और आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए कि आर्थिक वस्तुओं की स्थिति में जैसे ही हम अनधिमान वक्र से नीचे की ओर संचलन करते हैं सीमांत स्थानापत्ति कम हो जाती है ।

(ख) उपभोक्ता उस बिंदु पर संतुलन क्यों प्राप्त कर लेता है जहाँ बजट रेखा की ढलान अनधिमान वक्र की ढलान के बराबर होती है और अनधिमान वक्र उद्गम के प्रति अवमुख होता है ? आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(ग) निम्नलिखित के बीच में अनधिमान वक्र बनाइए :

*(i)* दो आर्थिक वस्तुएँ और

*(ii)* एक आर्थिक वस्तु और एक निकृष्ट वस्तु ।

स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

(घ) "गिफन वस्तुएँ घटिया वस्तुएँ भी होती हैं ।" क्या आप सहमत हैं ? अनधिमान वक्रों का उपयोग करते हुए आय प्रभाव और स्थानापन्न प्रभाव की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) एन्जेल वक्र से क्या तात्पर्य है ? एन्जेल वक्र और माँग वक्र के बीच संबंध को स्पष्ट कीजिए ।

(च) माँग की लोच क्या होगी जब कीमत उपभोग वक्र X अक्ष के समस्तर होता है ? आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

3. (*a*) "Iso-quants can be convexed, linear or L-shaped." What does each of these shapes tell you about the nature of the production function ? What does each of these shapes tell you about the MRTS ? Explain with the help of diagrams. 7.5

(*b*) "Diminishing return to a variable factor and constant return to scale are not inconsistent." Explain with the help of diagram. 7.5

*Or*

(*c*) Explain increasing returns to scale, constant returns to scale and decreasing returns to scale with the help of diagrams. 7.5

(*d*) Prove that the slope of an iso-quant is equal to the ratio of $MP_L$ and $MP_K$. Explain why the $MRTS_{LK}$ is likely to diminish as more and more labour is substituted for capital. 7.5

(क) समोत्पाद वक्र अवमुख, रैखिक अथवा L-आकृति वाले हो सकते हैं । इनमें से प्रत्येक आकृति आपको उत्पादन फलन की प्रकृति के बारे में क्या बताती है ? इनमें से प्रत्येक आकृति आपको MRTS के बारे में क्या बताती है ? आरेखों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(ख) परिवर्तनशील साधन संबंधी ह्रासमान प्रतिफल और मात्रा संबंधी स्थिर प्रतिफल असंगत नहीं होते हैं । आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

(ग) आरेखों की सहायता से मात्रा संबंधी वर्धमान प्रतिफल, मात्रा संबंधी स्थिर प्रतिफल और मात्रा संबंधी ह्रासमान प्रतिफल को स्पष्ट कीजिए ।

(घ) सिद्ध कीजिए कि समोत्पाद वक्र की ढलान $MP_L$ और $MP_K$ के अनुपात के बराबर होती है । स्पष्ट कीजिए कि $MRTS_{LK}$ की ह्रासित होने की संभावना क्यों होती है जैसे-जैसे पूँजी के लिए अधिकाधिक श्रम प्रतिस्थापित किया जाता है ।

4. (*a*) Explain the learning curve. How is it related to economies of scale ? 7.5

(*b*) If the average cost curve is U-shaped, explain the slope of total cost curve. When is the long run total cost curve a straight line through the origin ? 7.5

*Or*

(*c*) Distinguish between :

(*i*) fixed cost and sunk cost

(*ii*) accounting cost and economic cost. 3.75×2

(*d*) Explain the shapes of short run cost curves. Analyse the relationship between Average Cost (AC), Average Variable Cost (AVC) and Marginal Cost (MC). 7.5

(क) अधिगम वक्र को स्पष्ट कीजिए । यह मात्रा संबंधी मितव्ययिताओं से किस प्रकार संबद्ध होता है ?

(ख) यदि औसत लागत वक्र की U–आकृति है, तब कुल लागत वक्र की ढलान को स्पष्ट कीजिए । दीर्घकालीन लागत वक्र कब उद्गम में से सरल रेखा होता है ?

**अथवा**

(ग) निम्नलिखित में विभेद कीजिए :

(*i*) स्थिर लागत और निमग्न लागत

(*ii*) लेखाकरण लागत और आर्थिक लागत ।

(घ) अल्पकालीन लागत वक्रों की आकृतियों को स्पष्ट कीजिए । औसत लागत, औसत परिवर्ती लागत और सीमांत लागत के बीच संबंध का विश्लेषण कीजिए ।

5. (*a*) Explain and derive diagrammatically the long run supply curve of a constant cost industry under perfect competition. 7.5

(*b*) What is a subsidy ? Explain using suitable diagram how the benefit of a subsidy is split between buyers and sellers in a competitive market. 7.5

*Or*

(*c*) If the firms are in short run equilibrium will the competitive industry, as a whole be in equilibrium in the long run also ? Comment using suitable diagrams. 7.5

(*d*) Explain using suitable diagrams the concept of 'Walrasian' and 'Marshallian' stability. 7.5

(क) पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत एक स्थिर लागत उद्योग के दीर्घकालीन पूर्ति वक्र को आरेखीय रूप से स्पष्ट एवं व्युत्पन्न कीजिए ।

(ख) साहाय्य से क्या तात्पर्य है ? उपयुक्त आरेख का उपयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए कि प्रतियोगी बाजार में साहाय्य के हित लाभ किस प्रकार क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच बँट जाते हैं ।

**अथवा**

(ग) यदि फर्में अल्पकालीन संतुलन में हैं, तब क्या प्रतियोगी उद्योग भी समग्र रूप से दीर्घकालीन संतुलन में होगा ? उपयुक्त आरेखों का उपयोग करते हुए टिप्पणी कीजिए ।

(घ) उपयुक्त आरेखों का उपयोग करते हुए वालरस प्रतिपादि और मार्शल प्रतिपादित स्थायित्व की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए ।